अभियान ▶ स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने चलेगा अभियान

# नशीले पदार्थों के कारोबार पर लगायें रोक : कलेक्टर



**जबलपुर।** जिले में नशे के अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखने एवं दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलों और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में स्थित पान, गुट्खा की दुकानों को हटाने के तथा नशीले पदार्थों का विक्रय पाए जाने के मामलों में त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए ।यह बातें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने एनकॉर्ड (नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर) की जिला स्तरीय बैठक में कहीं। उन्होंने जानकारी देते बताया कि स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने जिले में 15 से 31 जुलाई तक अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावासों और पुर्नवास गृहों की नियमित रूप से जांच करने के निर्देश भी दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए आरपीएफ और जीआरपी को सघन जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में नशा मुक्ति केंद्रों के सुचारू संचालन और उनके सत्यापन के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिताएं हों आयोजित

कलेक्टर सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास के साथ स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कलेक्टर सिंह ने स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने चलाये जाने वाले अभियान में शैक्षणिक परिसरों को ड्रग फ्री जोन घोषित करने पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए निबंध एवं पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिये। इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## यातायात सुगम बनाने ननि की कार्यवाही जारी

**जबलपुर।** नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए नगर निगम लगातार सक्रिय कार्यवाही कर रहा है। इसी कड़ी में, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत गढ़ा शाही नाका रोड पर सराहनीय कार्रवाई की गयी। गढ़ा शाही नाका रोड स्थित श्रीमती मंजू कोष्टा के अत्यधिक जर्जर हो चुके भवन को जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित रूप से ढहा दिया गया है।संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र कौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह जर्जर मकान मुख्य मार्ग शाही नाका रोड पर स्थित होने के कारण राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ था। मानसून के सीजन में ऐसे जर्जर भवनों के गिरने की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। जनहित को ध्यान में रखते हुए और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए नगर निगम ने त्वरित कार्यवाही की। कार्रवाई के समय अतिक्रमण दल के दिग्दर्श सिंह, मिथलेश चैबे, ब्रज किशोर तिवारी, सुंदरलाल माड़वी, विकास कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से अपील की है।

# पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी को हाईकोर्ट से राहत

**हाईकोर्ट ने खारिज याचिका को रिस्टोर करते हुए गिरफ्तारी वारंट के क्रियान्वयन पर लगाई रोक**



**जबलपुर।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल ने खारिज की गयी याचिका को रिस्टोर करने की अनुमति प्रदान करते हुए भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि भाजपा नेता आकाश विजयवर्गीय द्वारा साल 2021 में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ भोपाल के एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय में मानहानि का प्रकरण दायर किया था। उनकी तरफ से कहा गया था कि नवंबर 2020 में कोलकाता की एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने उन्हें गुंडा कहा था। जिसके कारण उनके परिवार की छवि धूमिल हुई है। प्रकरण की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किये थे।

जिसके बाद टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। उनकी तरफ से दलील दी गई थी कि वह निर्वाचित सांसद हैं और उनके फरार होने की कोई संभावना नहीं है। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए नवम्बर 2025 को उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की लगातार अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एकलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन पर लगी रोक को निरस्त कर दिया गया था।

सांसद अभिषेक बनर्जी की तरफ से याचिका को रिस्टोर किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया गया था। आवेदन के साथ दस्तावेज भी प्रस्तुत किये गये थे। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत को जारी रखने के संबंध में बार-बार दिए गए आदेशों के बावजूद याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ था। जिसके कारण न्यायालय ने अंतरित राहत को निरस्त करते हुए याचिका को खारिज कर दिया था। सभी तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए याचिका को रिस्टोर करने के अनुमति प्रदान करते हुए अंतरित राहत को बरकरार रखी जारी है।

# जीआरपी ने चलाया जागरुकता अभियान

**जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार राज्य स्तरीय सायबर अपराधों की रोकथाम एवं जन जागरूता हेतु 24 जून से 08 जुलाई तक संपूर्ण मध्य प्रदेश में सायबर जन जागरूकता अभियान का द्वितीय संस्करण सेफ क्लिक- 2026 चलाया जा रहा है। राजाबाबू सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेलवे भोपाल के निर्देशन में 24 जून से सायबर जन जागरूकता अभियान का द्वितीय संस्करण 'सेफ क्लिक- 2026' का शुभारंभ कार्यक्रम सुन्दरसिंह कनेश पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर के निर्देशन में रेलवे स्टेशन जबलपुर प्लेटफार्म नंबर 01 से आयोजित किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में उपस्थित यात्रियों, छात्र-छात्राओं, कुली, वेंडर आदि को पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा साईबर फाड, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ऑन लाईन ठगी, ओटीपी शेयरिंग, फर्जी कॉल, एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साईबर फाड की जानकारी देते हुए सुरक्षित रहने के लिये अज्ञात लिंक पर बिना सत्यापन क्लिक न करने, अपने बैंक खाते, एटीएम पासवर्ड, ओटीपी की गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने आदि उपाय बताये गये। साथ ही किसी प्रकार की साईबर ठगी की घटना घटित होने पर तत्काल साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930, आपातकालीन सेवा 139 आदि की जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान भावना मरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, विजय गोठरिया उप पुलिस अधीक्षक रेलवे कटनी, संजीवनी राजपूत जीआरपी थाना प्रभारी जबलपुर, रेल पुलिस कार्यालय जबलपुर की सायबर टीम, थाना के अधिकारी / कर्मचारी, रेलवे के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सायबर जन जागरूकता अभियान का द्वितीय संस्करण सेफ क्लिक- 2026 का आयोजन पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर के निर्देशन में जीआरपी इकाई जबलपुर क्षेत्राधिकार के समस्त थाना चौकियों के रेलवे स्टेशन परिसर, यात्री ट्रेनों में चलाया जा रहा है।

# रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर महासंघ ने दी पुष्पांजलि




**नवभारत, जबलपुर।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महारानी दुर्गावती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया और इस महान वीरांगना को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अध्यक्ष शंकर लाल गोंटिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महारानी दुर्गावती से हमें प्रेरणा मिलती है कि आज हमें अपने जीवन में जल संवर्धन के बारे में सोचना चाहिए और उनके द्वारा पूरे गोंडवाना साम्राज्य में बनवाए गए 52 ताल-तलैया का संरक्षण करना चाहिए, यही संकल्प उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकर लाल गोंटिया, राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश सिंह लोधी, अशोक गोंटिया, राजेन्द्र गोंटिया, एडवोकेट विनोद गोंटिया, मीना कोल और प्रकाश गोंटिया सहित सभी सदस्यों ने अपनी श्रद्धांजलि दी।



# कछपुरा ओवरब्रिज का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती रखने की उठी मांग


**▶ कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ ने उठाई मांग**

**नवभारत, जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस के अवसर पर कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ ने कछपुरा ओवरब्रिज का नाम 'वीरांगना रानी दुर्गावती ब्रिज' रखने तथा कछपुरा चौराहे का उन्नयन कर उसे 'रानी दुर्गावती चौराहा' के रूप में जनता को समर्पित करने की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने इसे वीरांगना के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए कहा कि कछपुरा ओवरब्रिज शहर के प्रमुख आवागमन मार्गों में शामिल है और इसका नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखे जाने से उनकी वीरता, त्याग और जनकल्याणकारी कार्यों का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचेगा। उन्होंने जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधियों से इस मांग पर सकारात्मक पहल करने की अपील की। इसी सिलसिले में कमला नेहरू नगर वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने एकत्र होकर वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां इंजीनियर संजय वर्मा द्वारा रचित रानी दुर्गावती के जल प्रबंधन पर आधारित पुस्तक का वितरण भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनों ने कहा कि रानी दुर्गावती ने अपने शासनकाल में जल संरक्षण और प्रबंधन के ऐसे मापदंड स्थापित किए थे जो आज भी प्रासंगिक हैं और शहर में बढ़ते जल संकट के समाधान के लिए उनकी नीतियों और दूरदृष्टि से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष धनंजय बाजपेई, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, अंकित गुप्ता, आनंद मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने सर्वसम्मति से कछपुरा ओवरब्रिज और चौराहे का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने की मांग का समर्थन किया।

# सेफ क्लिक 2 .0 साइबर जागरूकता अभियान शुरू




**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस कन्ट्रोलरूम में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के नए-नए तरीकों के प्रति जागरूक करने 15 दिवसीय सेफ क्लिक 2.0 विशेष जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। 15 दिवसीय अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीमें नागरिकों, युवाओं, दुकानदारों, व्यापारियों के बीच जाकर उन्हें डिजिटल सुरक्षा का पाठ पढ़ाएंगी। अभियान का प्रमुख लक्ष्य ऑनलाइन ठगी से नागरिकों को बचाने के साथ उन्हें जागरूक करना है। अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा स्कूल एवं कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को गेमिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं ब्लैकमेलिंग के प्रति सचेत करने के साथ बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापारियों व उपभोक्ताओं को सुरक्षित डिजिटल पेमेंट के तरीके सिखाने के साथथ नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रथ के माध्यम से सुरक्षित डिजिटल व्यवहार का संदेश दिया जायेगा। साइबर सुरक्षा शपथ कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर एएसपी शहर आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण श्रीमति अनु बेनिवाल, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी जोन-4 सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## पदोन्नति हेतु कर्मचारियों की पात्रता सूची जारी

**जबलपुर।** लगातार स्टाफ की कमी से जूझ रहे रनिंग स्टाफ को आज डब्लूसीआरईयू के प्रयास से बड़ी खुश खबरी मिली जब यूनियन के प्रयासों के फलस्वरूप प्रशासन ने पैसेंजर लोको पायलट पदोन्नति हेतु 68 कर्मचारियों की पात्रता सूची जारी कर दी। यूनियन के सहायक महामंत्री कॉम नरेश मालव ने बताया कि यूनियन महामंत्री कॉम मुकेश गालव के नेतृत्व में रनिंग स्टाफ की प्रत्येक समस्या के निवारण हेतु सतत प्रयत्नशील है । विगत दिनों मुख्य लोको निरीक्षक और मेल लोको पायलट पदोन्नति सूची जारी करवाकर यूनियन ने स्टाफ को बड़ी राहत दी थी । बुधवार को ये सूची जारी होने से अब 68 मालगाड़ी लोको पायलट कर्मचारियों को पैसेंजर लोको पायलट पद पर पदोन्नति मिलेगी । कॉम नरेश मालव ने ये भी बताया कि इनके पदोन्नति आदेश भी अति शीघ्र जारी करवाए जाएंगे ताकि इसके बाद आनुपातिक रूप सी बढ़ी हुई पोस्टों के साथ मालगाड़ी लोको पायलट और लोको पायलट (शांटिंग ) की पदोन्नति का रास्ता भी प्रशस्त हो ।इतनी अधिक संख्या में पदोन्नति हेतु पात्रता सूची जारी होने से प्रफुल्लित रनिंग स्टाफ ने यूनियन के महामंत्री कॉम मुकेश गालव, लोको शाखा पदाधिकारियों और यूनियन परिवार का खुले मन से आभार व्यक्त किया।।

# ट्रेनों में बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक



**जबलपुर, नवभारत।** देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जबलपुर रेल मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र दीक्षित ने बताया कि आगामी 28, 29 एवं 30 जून को आयोजित विशेष पोलियो अभियान के दौरान जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाई जाएगी।

इस अभियान के तहत जबलपुर रेल मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों तथा चयनित ट्रेनों में विशेष व्यवस्था की गई है। रेलवे चिकित्सा विभाग, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्य संयुक्त रूप से स्टेशनों पर पोलियो बूथ संचालित करेंगे तथा यात्रा कर रहे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य करेंगे। मंडल के जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, कटनी, मैहर, सतना, रीवा, दमोह एवं सागर सहित विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर विशेष पोलियो स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जहां प्रशिक्षित टीमों की तैनाती रहेगी।

### रेलवे कर्मचारी निभाएंगे सहभागिता

वरिष्ठ मंडल कार्मिक पअधिकारी वरुण चतुर्वेदी ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। तैनात रेलवे कर्मी एवं स्वयंसेवक तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय जनस्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। जबलपुर रेल मंडल सभी अभिभावकों से अपील करता है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं तथा देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग करें।

# भारतीय जनता पार्टी की 'आपातकाल काला दिवस' पर विशेष संगोष्ठी आज

**▶ कल्चरल स्ट्रीट भंवरताल उद्यान में होगा आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** भाजपा केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर महानगर इकाई द्वारा आज 25 जून को दोपहर 2 बजे से कल्चर स्ट्रीट भंवरताल उद्यान में 'आपातकाल : काला दिवस' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे। इस दौरान प्रेस पर पूरी तरह सेंसरशिप लगा दी गई और सरकार का विरोध करने वाले विपक्षी नेताओं सहित हजारों लोगों को जेलों में बंद कर दिया गया था। इसी जनविरोधी कदम के विरोध में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवा वर्ग को जागरूक करने के साथ लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान होगा। इसी सिलसिले में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह आज सुबह 8:15 बजे वायु मार्ग से जबलपुर आएंगे और 10:30 बजे साइंस कॉलेज मैदान में पौधारोपण करेंगे। इसके बाद वे संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे, जिसमें सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के पश्चात डॉ. सिंह शाम 4:30 बजे सड़क मार्ग से भोपाल रवाना होंगे।

# रेलवे पुलिस अधीक्षक द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित



**जबलपुर, नवभारत।** गत दिवस बुधवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे कार्यालय जबलपुर में सुन्दरसिंह कनेश द्वारा पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर द्वारा अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व लंबित अपराधों, गंभीर अपराधों, गुमशुदा बालक-बालिकाओं, अज्ञात मर्ग आदि की समीक्षा की गई। साथ ही रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र, ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करने, रेलवे परिक्षेत्र में भ्रमण करने वाले वाले नाबालिक बालक-बालिकाओं, विक्षिप्त महिला-पुरूषों को चिन्हित कर उन्हे मुख्य धारा से जोड़ने, थाना चौकी के अपराधियों का रेलवे स्टेशनों में बेनर लगाकर प्रचार प्रसार करने आदि के निर्देश दिये गये। साथ ही पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे सायबर जन जागरूकता अभियान का द्वितीय संस्करण सेफ क्लिक-2026 का प्रचार प्रसार करने, रेलवे पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में चलाये जा रहे चलाये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत् क्षेत्राधिकार के थाना चौकियों के रेलवे स्टेशनों में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के दौरान भावना मरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, विजय गोठरिया उप पुलिस अधीक्षक रेलवे कटनी, राजकुमारी पचौरी एडीपीओ रेल जबलपुर, एवं रेल पुलिस इकाई जबलपुर के समस्थत थाना चौकी प्रभारी, कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर के अधिकारी कर्मचारी, रेलवे के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक ▶ महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 73वीं बैठक आयोजित



**जबलपुर, नवभारत।** क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 73वीं बैठक बुधवार को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से आगे बढ़ाया जाए। मुझे खुशी है कि इस रेलवे पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने सबका आव्हान करते हुए कहा कि हिंदी का प्रचार-प्रसार सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को ठोस प्रयास करने होंगे तभी हम वार्षिक कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगें।

### दिए गए निर्देश

महाप्रबंधक श्री सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों एवं मंडलों कारखानों के कार्यालय प्रमुखों से विभिन्न राजभाषा मदों पर अमल कर कार्रवाई करने को कहा बैठक के दौरान राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका राजभाषा सरिता के 57वें अंक का विमोचन किया गया। उन्होंने राजभाषा पत्रिका के नियमित प्रकाशन पर प्रसन्ता व्यक्त की। बैठक में उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस.हाशमी ने समीक्षाधीन तिमाही में मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों में आयोजित कार्यक्रमों जैसे हिंदी साहित्यकारों की जयंती एवं हिंदी कार्यशाला से समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को अवगत कराया।

# जीआरपी ने आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम



**जबलपुर, नवभारत।** शासकीय रेलवे पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार राजाबाबू सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेलवे भोपाल के निर्देशन में आगामी वर्षा ऋतु में शासकीय रेलवे पुलिस की इकाईयों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत् पौधे लगाया जाना है। जिसके चलते बुधवार से वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम सुन्दरसिंह कनेश पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर की उपस्थिति में शासकीय रेलवे पुलिस ग्राउंड जबलपुर में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान शासकीय रेलवे पुलिस लाईन मैदान में आम, अमरूद, पीपल, नीम आदि फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाये गये एवं ट्रीगार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया। साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम में इकाई के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा पौधों को पानी, खाद आदि देने एवं सुरक्षित रखरखाव की समझाईश दी गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भावना मरावी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर, विजय गोठरिया उप पुलिस अधीक्षक रेलवे कटनी, राजकुमारी पचौरी एडीपीओ रेलवे जबलपुर, रवीन्द्र सिंह सूबेदार, संजीवनी राजपूत जीआरपी थाना प्रभारी जबलपुर, रेल पुलिस कार्यालय जबलपुर के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। उपरोक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर के निर्देशन में जीआरपी इकाई जबलपुर क्षेत्राधिकार के समस्त थाना चौकियों एवं कार्यालय परिसर में सतत् आयोजित किया जा रहा है।